मूकबधिर से गैंगरेप के बाद फेंकने का मामला

# आरोपितों को पकड़ने के लिए एसआईटी का गठन

## पुलिस व प्रशासन द्वारा गंभीरता को समझते हुए अलवर से तुरंत रात को ही बच्ची को जयपुर रेफर किया




अलवर, 12 जनवरी (निसं.)।

अलवर में मुक बधिर से मंगलवार की रात हुए रेप और दरिंदगी ने एक बार फिर दिल्ली के निर्भया कांड याद को ताजा कर दिया है। हर कोई इस घटना से हतप्रभ है। पहले ही अलवर जिला रैप और गैंगरेप के मामलों में देशभर में बदनाम है। वहीं इस घटना ने आमजन को झकझोर कर रख दिया है। पुलिस व प्रशासन द्वारा गंभीरता को समझते हुए अलवर से तुरंत रात को ही बच्ची को जयपुर रेफर कर दिया था। जयपुर के जेके लोन अस्पताल के आईसीयू सर्जिकल वार्ड में बच्ची का इलाज चल रहा है। अलवर पुलिस ने उन दरिंदों को तलाशने के लिए एसआईटी का गठन किया है। साथ ही पुलिस ने 5 टीमें बनाई है जो आरोपितों तलाश कर रही है। पुलिस ने मामले को देखते हुए जयपुर से भी विशेषज्ञ वैज्ञानिक फॉरेंसिक साक्ष्य संग्रह टीम को अलवर बुलवाया है। जो मामले की बारीकी से जांच करेगी।

### एसपी, कलेक्टर ने किया घटनास्थल का मुआयना

एसपी, कलेक्टर ने अस्पताल के बाद तुरन्त घटनास्थल पहुंचे और मौका मुआयना किया। एफएसएल टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए है। एसपी का कहना है कि सभी तथ्यों को ध्यान में रख पुलिस मामले की बारीकी से जांच कर रही है।

### जल्द होंगे आरोपी गिरफ्तार

एसपी ने कहा कि पुलिस की कई टीमें आरोपियों की धरपकड़ में लगी हुई है। जल्दी ही आरोपी पुलिस गिरफ्त में होंगे। उन्होंने बताया आरोपितों की तलाश में 5 टीमें लगी हुई है। जो टेक्निकल रूप से मामले की जांच कर रही है। एसपी ने कहा कि सामाजिक रूप से भी हमें मानसिकता को चेंज करना होगा। समाज में बेटियों को कैसे रहना है यह समझाया जाता है जबकि बेटो को नही। पुलिस आरोपित को पकड़ भी लेगी लेकिन बच्ची के साथ जो हुआ वह वापस नही हो सकता ना। इसलिए समाज को सोच बदलनी होगी।

### टीकाराम व ममता भूपेश जयपुर अस्पताल पहुंचे

कैबिनेट मंत्री टीकाराम जूली और ममता भूपेश बुधवार की सुबह जयपुर स्थित जेके लोन अस्पताल पहुंचे और बच्ची व परिजनों से मिलकर स्वास्थ्य की जानकारी ली। उन्होंने चिकित्सकों को दिशा निर्देश दिए। मंत्री बोले कि इस मामले की पूरी मोनिटरिंग राजस्थान सरकार कर रही है। बच्ची के इलाज में किसी तरह की कोताही नहीं बरती जाएगी। जल्दी आरोपितों को गिरफ्तार कर कड़ी सजा दी जाएगी। कैबिनेट मंत्री टीकाराम जूली ने बताया कि इस तरह के अपराध किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। आरोपी तो को सख्त से सख्त दिलाई जाएगी सजा। पीड़िता को राज्य सरकार की ओर से 3 लाख ?50 हजार की सहायता राशि, पीड़ित प्रतिकर योजना के तहत ढाई लाख व बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत 1 लाख की समाज कल्याण विभाग की ओर से सहायता राशि जारी की गई है।

### पुलिस की आमजन से अपील

एसपी ने बताया कि पुलिस की आमजन से अपील है कि यदि किसी व्यक्ति ने पीड़िता को कही आता-जाता देखा हो या पुलिया पर कौन लोग फेंककर गए थे। इस तरह की कोई भी जानकारी हो तो कृपया वह तुरन्त पुलिस को सूचित करें ताकि पुलिस द्वारा दरिंदों को जल्द गिरफ्तार किया जा सके।

### देर रात हुई थी पीड़िता की पहचान

घटना के बाद पीड़िता की पहचान नही हुई थी। देर रात पीड़िता की पहचान हो पाई। जब परिजन अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने परिजनों की रिपोर्ट के आधार पर रात को ही प्राथमिकी दर्ज कर ली थी। बच्ची दोपहर से घर से गायब थी। शाम तक घर नही पहुंचने पर परिजनों ने आसपास बच्ची को तलाश किया लेकिन बच्ची नही मिली। जिसके बाद कंट्रोल रूम की सूचना से परिजनों को जानकारी मिल पाई।

### जयपुर रेंज आईजी ने अलवर पहुंच घटनास्थल देखा, बोले- यह घटना झकझोर देने वाली



मूकबधिर से गैंगरेप मामले में जयपुर रेंज आईजी संजय श्रोत्रिय बुधवार की दोपहर अलवर पहुंचे। अलवर पहुंचने पर आईजी ने घटनास्थल पर पहुंचकर जायजा लिया। यहां मौजूद अधिकारियों से घटनाक्रम की जानकारी ली। इस दौरान एसपी तेजस्विनी गौतम सहित पुलिस के आला अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। आईजी ने कहा कि यह घटना झकझोर देने वाली घटना है। पीड़िता एक तो बच्ची एवं मुकबधिर जो की घटना को बयां भी नहीं कर सकती। ऐसे में जो भी इस घटना को सुनता है झकझोर देती है। आईजी ने कहा कि इस घटना के जिम्मेदार आरोपित जल्दी ही पुलिस गिरफ्त में होंगे। रात से ही वह घटना की लगातार मोनिटरिंग कर रहे है। पुलिस की टीमें लगी हुई है। जल्दी आरोपी पकड़े जाएंगे। गौरतलब है कि मंगलवार की रात शहर के तिजारा फाटक पुलिया पर एक बच्ची पड़ी मिली। जिसके साथ दरिंदों ने हैवानियत की सारी हदें पार कर गैंगरेप के बाद पुलिया पर फेंक गए थे। फिलहाल जयपुर अस्पताल में बच्ची का उपचार चल रहा है। जयपुर से अलवर पहुंची एफएसएल टीम मामले की गंभीरता को देखते हुए जयपुर से एक एफएसएल की टीम अलवर बुलाई गई है। जयपुर एफएसएल टीम ने घटनास्थल का मौका मुआयना कर कई साक्ष्य जुटाए हैं। यह संभवत पहली बार है कि जब किसी घटना के लिए जयपुर से एफएसएल टीम को अलवर बुलाया गया है। फिलहाल टीम हर पहलुओं को ध्यान में रख कर जांच कर रही है।

### यह था मामला

अज्ञात दरिंदों ने मंगलवार की रात करीब 8 बजे पीड़िता के साथ हैवानियत के बाद उसे शहर की तिजारा फाटक पुलिया पर पटक दिया था। वहां बेहोशी की हालत में पड़ी बच्ची की सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंची शिवाजी पार्क थाना पुलिस ने बच्ची को तुरन्त सरकारी अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया। तब तक बच्ची की पहचान नहीं हो पाई थी। जहां सूचना के बाद एसपी तेजस्वनी गौतम, जिला कलेक्टर नन्नूमल पहाड़िया सहित तमाम अधिकारी मौके पर पहुंचे। दरिंदों द्वारा पीड़िता से रेप के बाद उसके प्राइवेट पार्ट्स पर बेरहमी से चोट पहुंचाई गई थीं। जिस कारण ब्लडिंग नहीं रुकती देख चिकित्सकों ने उसे अलवर से जयपुर रेफर कर दिया।

### सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रही है पुलिस

आरोपियों की जांच को लेकर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि एफएसएल टीम और डॉग स्क्वायड टीम को मौके पर बुलाते हुए जांच शुरू कर दी गई है। जांच के लिए कई टीमें गठित की गई हैं जो आसपास लगे कैमरा के सीसीटीवी फुटेज को खंगालने का काम कर रही हैं। इसके अलावा पुलिस आसपास के लोगों से भी पूछताछ कर रही है।

## चिकित्सा मंत्री को सीएसआर के तहत सौंपे 700 नेबुलाइजर किट



**जयपुर, 12 जनवरी (कासं.)।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा को बुधवार को सिप्ला लिमिटेड ओर से सीएसआर के तहत प्रदेश के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के लिए 700 नेबुलाइजर किट सौंपे गए। मीणा ने सीएसआर के तहत सिप्ला लिमिटेड की ओर से सौंपे गए नेबुलाइजर किट को लेकर आभार जताया। उन्होंने कहा कि सिप्ला की तरह अन्य संस्थाओं को भी आगे आकर आमजन के सहयोग के लिए प्रयास करना चाहिए। चिकित्सा मंत्री ने इस मौके पर कहा कि कोरोना महामारी के दौर में निजी संस्थान, एनजीओ और कॉरपोरेट कंपनियों को आगे आकर स्वास्थ्य सेवाओं में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के खिलाफ लड़ने के लिए सभी के साथ की आवश्यकता है। एमडी एनएचएम अरुणा राजोरिया ने कहा कि नेबुलाइजर जैसे उपकरण चिकित्सा संस्थाओं में बेहद उपयोगी साबित होते हैं। इस अवसर पर सिप्ला से प्रबंधक राहुल जैन, अश्विनी माथुर, संजय पाठक, डिपो प्रबंधक जॉयदीप सहित अन्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## बीकानेर समिट में हुए 120 एमओयू-एलओआई, चार मंत्री और राजस्थान फाउंडेशन कमिश्नर भी जुड़े वर्चुअल

**कलेक्टर ने कहा** उद्यमियों ने देश और दुनिया में बड़े औद्योगिक निवेश करते हुए जिले का नाम रोशन किया

बीकानेर, 12 जनवरी (निसं.)।



बीकानेर जिले में औद्योगिक निवेश को प्रोत्साहन देने तथा निवेश के अनुकूल वातावरण उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से इन्वेस्ट बीकानेर समिट का आयोजन बुधवार को हुआ। इस दौरान 84 मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टेंडिंग (एमओयू) तथा 36 लेटर और इंटेंट (एलओआई) हुए।

जिनसे बीकानेर में लगभग 15 हजार करोड़ रुपये के निवेश होगा तथा लगभग 20 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। कार्यक्रम से वर्चुअल माध्यम से कृषि एवं पशुपालन मंत्री तथा जिला प्रभारी मंत्री लाल चंद कटारिया, शिक्षा मंत्री डॉ. बी.डी.कल्ला, उद्योग मंत्री शकुंतला रावत, आपदा प्रबंधन मंत्री गोविंदराम मेघवाल, संभागीय आयुक्त नीरज के. पवन, राजस्थान फाउंडेशन के आयुक्त धीरज श्रीवास्तव भी जुड़े। कलेक्टर नमित मेहता ने कहा कि उद्यमशीलता बीकानेर की परम्परा रही है। यहां के अनेक उद्यमियों ने देश और दुनिया में बड़े औद्योगिक निवेश करते हुए जिले का नाम रोशन किया है। इसके बावजूद इन उद्यमियों में बीकानेर की जड़ों के प्रति जुड़ाव है, जो कि अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि लगभग पंद्रह हजार करोड़ रुपये के निवेश से जिले के औद्योगिक विकास को गति मिलेगी। राजस्थान फाउण्डेशन के आयुक्त धीरज श्रीवास्तव ने कहा कि प्रदेश में निवेश को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से फाउण्डेशन का गठन किया गया है। फाउण्डेशन के प्रयासों से निवेशक राजस्थान की ओर आकर्षित हो रहे हैं तथा यहां के औद्योगिक विकास को गति मिली है। उद्योग विभाग के संयुक्त निदेशक पीएन शर्मा ने कहा कि गत तीन वर्षों में सरकार ने अनेक अच्छी नीतियां लागू की हैं, जिनके अच्छे परिणाम सामने आए हैं।

उन्होंने सरकार द्वारा अब तक किए गए प्रयासों के बारे में बताया। जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र की महाप्रबंधक मंजू नैण गोदारा ने स्वागत उद्बोधन दिया तथा कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में बताया। अतिथियों द्वारा समिट से संबंधित फोल्डर का विमोचन भी किया गया। अतिरिक्त जिला कलेक्टर (नगर) अरुण प्रकाश शर्मा ने आभार जताया संचालन ज्योति प्रकाश रंगा ने किया।

## सार- समाचार

### विवेकानंद जयंती पर भाजपा युवा मोर्चा ने आयोजित की मैराथन दौड़

**बारां, 12 जनवरी (निसं.)।** भारतीय जनता युवा मोर्चा बारां शहर ने स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर मैराथन दौड़ का आयोजन किया। कार्यक्रम संयोजक सिद्धार्थ शर्मा ने बताया कि जिलाध्यक्ष रोहित नागर के निर्देशानुसार सभी कार्यकर्ता तेलफेक्टरी हनुमान मंदिर से मैराथन दौड़ का शुभारंभ किया। कार्यक्रम सहसंयोजक रोहित नायक और जिलाअध्यक्ष रोहित नागर ने बताया कि स्वामी विवेकानन्द ने भारत की सभ्यता और संस्कृति को संजोय रखने पर जोर दिया था। युवा शक्ति को संदेश दिया था कि अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने का मंत्र दिया था। उसके बाद आज युवा वर्चुअल रैली में भाग लिया, जिसमें भाजपा राष्टीय अध्यक्ष जेपी नड्डा व युवा मोर्चा अध्यक्ष तेजश्वी सूर्या ने संबोधित किया। इस दौरान कार्यक्रम में सुनील प्रजापति, योगेंद्र चौधरी, रितेश चौधरी, जयंत सिंह डागर, प्रधुम्न शर्मा, अक्षय लुहारिया, नमन शर्मा आदि कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### साइबर क्राइम, इंग्लैंड की डॉक्टर बनकर दो महिलाओं ने की ठगी

**जोधपुर, 12 जनवरी (निसं.)।** शहर के एक युवक को अपनी बेटी की जेनेटिक बीमारी का इलाज करवाने के लिए इंस्टग्राम आईडी का सहारा लेना काफी महंगा पड़ गया। इस युवक को इंस्टग्राम आईडी की महिला ने खुद को इंग्लैंड का डॉक्टर बताया और 50 हजार 999 रुपये ठग लिए। इसमें उसने अपनी एक रिश्तेदार का भी सहारा लिया। पीड़ित के साथ हुई इस घटना पर अब उसने पुलिस की शरण ली है। कुड़ी पुलिस ने धोखाधड़ी में केस फाइल किया है। दरअसल कुड़ी भगतासनी टंकी के पास सेक्टर 1 ई में रहने वाले मुरली मनोहर खंडेलवाल पुत्र भंवरलाल की ढाई साल की बच्ची इंसानी भाषा को समझने में दिक्कत महसूस करती है। उसका बालोतरा, दिल्ली के साथ कई अन्य स्थानों पर इलाज करवाया गया। मगर इलाज सही बैठ पाया। उसकी बेटी को जेनेटिक बीमारी बताई जाती है। इसके लिए उसने एक दिन इंस्टाग्राम आईडी नवाका पर संपर्क किया। तब पता लगा कि नवाका जेनेटिक बीमारियों का इलाज करती है। इस पर इस्टग्राम पर संपर्क किए जाने के बाद नवाका ने बताया कि वह इंग्लैंड में रहती है और इलाज के टूरिंग करती रहती है। गत 1 दिसम्बर को संपर्क किए जाने पर नवाका ने बताया कि वह जोधपुर आ रही है। इसके लिए फ्लाइट की बुकिंग हो गई है।

### संतरी को धक्का देकर थाने से बाइक चोरी का मुल्जिम भागा

**जोधपुर।** शहर के खांडाफलसा थाने से आधी रात को बाइक चोरी का एक मुल्जिम संतरी को धक्का देकर भाग गया। आरोपित के भागने पर थाने में हड़कंप मच गया। आनन फानन में पुलिस कर्मी उसे पकड़ने के दौड़े मगर वो हाथ नहीं लगा। तब उसकी तलाश में पुलिस की टीम को लगाया गया। आखिरकार पुलिस की टीम ने उसे पाली से दस्तयाब कर लिया। मामला 10 जनवरी की रात का है और उसे उसी दिन में पकड़ा गया था। 11 को उसे कोर्ट में पेश किया जाना था। आज आरोपी को पाली से दस्तयाबर कर पुलिस लेकर आ गई। खांडाफलसा थानाधिकारी सुनील चारण ने बताया कि नई बरकतुल्ला कॉलोनी चांदपोल निवासी सैफअली पुत्र फिरोज खां को बाइक चोरी के एक प्रकरण में 10 जनवरी दिन में पकड़ा गया था। उससे पूछताछ चल रही थी और 11 जनवरी को कोर्ट में पेश किया जाना था। मगर 10 जनवरी की रात में वह बंद हवालात था। तब उसने ड्यूटी कर रहे संतरी रामप्रसाद से कहा कि उसे दस्त लगे है। इस पर संतरी रामप्रसाद उसे टॉयलेट लेकर गया। वापसी में जब उसे बंद हवालात किया जा रहा था तो वह संतरी को धक्का एवं चकमा देकर भाग निकला।

## कायस्थ समाज ने मनाई विवेकानंद की जयंती

### कार्यक्रम में युवाओं ने मानव सेवा का संकल्प लिया

धौलपुर, 12 जनवरी (निसं.)।




कायस्थ समाज धौलपुर की युवा शाखा द्वारा युग पुरुष स्वामी विवेकानंद की जयंती भार्गव वाटिका में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई । कार्यक्रम में युवाओं ने मानव सेवा का संकल्प लिया। इस मौके पर कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजीव श्रीवास्तव ने कहा कि युग पुरुष स्वामी विवेकानंद की जयंती पर युवा वर्ग मानव सेवा के लिए समर्पित होने का संकल्प लेकर असहाय, दीन दुखियों की सेवा एवम वर्तमान में कोरोना महामारी के संक्रमण को रोकने में महती भूमिका निभाएं। समारोह की अध्यक्षता कर रहे जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय श्रीवास्तव ने स्वामी विवेकानंद के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। युवा जिलाध्यक्ष शेखर सक्सेना ने युवाओं से आमजन की सेवा के लिए सदैव तैयार रहने की बात कही। कार्यक्रम में जिला महासचिव राकेश श्रीवास्तव, केशव सक्सेना ,पूर्व पार्षद अश्वनी सक्सेना,जिला कांग्रेस महासचिव दुर्गेश श्रीवास्तव एवं श्याम मनोहर कुलश्रेष्ठ ने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन डा. नवनीत श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर आकाश सक्सेना ,मुकेश श्रीवास्तव ओमकार श्रीवास्तव आदि मौजूद थे।

## अनुकम्पा नियुक्ति के 36 प्रकरणों में शिथिलता प्रदान की

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सरकारी कार्मिक की मृत्यु के उपरांत आश्रित द्वारा अनुकम्पा नियुक्ति के लिए आवेदन के 36 विभिन्न प्रकरणों में शिथिलता प्रदान की है। गहलोत के इस संवेदनशील निर्णय से मृतक आश्रित इन परिवारों को संबल मिल सकेगा। अनुकम्पात्मक नियमों के अन्तर्गत सरकारी कार्मिक की मृत्यु के बाद उसके आश्रित को अनुकम्पा नियुक्ति के लिए 90 दिवस में आवेदन करना होता है। यदि आश्रित नाबालिग हो तो उस स्थिति में बालिग होने के 3 वर्ष के भीतर आवेदन करने का प्रावधान है।

## जोशी ने राज्यपाल मिश्र को दी जलप्रदाय योजनाओं की प्रगति के बारे में जानकारी



जयपुर, 12 जनवरी (कासं.)।

राज्यपाल कलराज मिश्र से जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भूजल विभाग मंत्री महेश जोशी ने बुधवार को यहां राजभवन में मुलाकात की। राज्यपाल मिश्र से मुलाकात के दौरान जोशी ने उन्हें राज्य में चलाई जा रही जलदाय योजनाओं की प्रगति के बारे में जानकारी दी। राज्यपाल को जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री ने केन्द्र प्रवर्तित जलप्रदाय योजनाओं के बारे में एक आग्रह पत्र भी सौंपा, जिसमें केन्द्र सरकार के माध्यम से राजस्थान को जल जीवन मिशन के लिए 90.10 के अनुपात में फंडिग प्रदान करने के लिए अनुरोध किया गया है।

## ट्रैक्टर चालक ने ली बाइक सवार युवक की जान

जोधपुर।

शहर के निकटवर्ती बोरानाडा रिको एरिया में मंगलवार की रात को सिटी बस स्टेण्ड के पास में ट्रेक्टर चालक की लापरवाही से बाइक सवार युवक की जान चली गई। पुलिस ने मृतक के भाई की रिपोर्ट पर ट्रेक्टर चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। शव को कार्रवाई के बाद उसके परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है।

बोरानाडा पुलिस थाने के एएसआई लक्ष्मणसिंह ने बताया कि कुड़ी भगतासनी सेक्टर 7 सी 60 में रहने वाला 22 साल का प्रकाश पुत्र रणजीताराम मेघवाल बोरानाडा रिको एरिया में मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान पर कार्य करता था।

## प्रतिबंधित नशीली दवाइयों और स्मैक सहित दो तस्कर गिरफ्तार

### नशा करने के लिये आरोपित मादक पदार्थ स्मैक निम्बाहेडा या नीमच से लाकर जयपुर में सप्लाई करते

### स्मैक एवं प्रतिबंधित दवाइयों के सप्लायर के बारे में पूछताछ जारी

जयपुर, 12 जनवरी (कासं.)।



जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने मानसरोवर एवं शिप्राप्रथ थाना इलाके में ड्रग्स माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से प्रतिबंधित नशीली दवाइयों सहित अवैध मादक पदार्थ स्मैक बरामद की है। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त (अपराध) वन्दिता राणा ने बताया कि जयपुर शहर में चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप अभियान के तहत सीएसटी ने मानसरोवर और शिप्राप्रथ थाना इलाके में प्रतिबंधित दवाइयां और अवैध मादक पदार्थ स्मैक की सप्लाई करने वाले आरोपित अशोक कुमार सैनी (38) निवासी उच्चैन जिला भरतपुर हाल रजत पथ मानसरोवर और सुरेन्द्र कुमार वैष्णव (37) निवासी भीम गंज जिला भीलवाडा हाल बंदी खुला शिविर दुर्गापुरा जयपुर को गिरफ्तार को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से 43 बोतल कोडिस्टार कफ सिरप, 340 साल्ट अल्प्राजोलम टैबलेट, 160 डाइसाइक्लोमाइन हाइड्रोक्लोराइड ट्रामाडोल कैप्सूल 8000 एमजी और 168 डाइसाइक्लोमाइन हाइड्रोक्लोराइड ट्रामाडोल कैप्सूल 8400एमजी और 16 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक 16 ग्राम सहित परिवहन में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल बरामद की है।

गिरफ्तार आरोपित अशोक कुमार नशीली प्रतिबंधित दवाइयों को बेचने एवं सप्लाई का काम करता है और यह अवैध दवाइयां भरतपुर से लेकर आना स्वीकार किया है। वहीं आरोपित सुरेंद्र कुमार अपराधी किस्म का व्यक्ति है जो मर्डर के केस में दुर्गापुरा जयपुर में खुली जेल में रहता है ।

स्मैक का नशे करने का आदी है। नशा करने के लिये आरोपित मादक पदार्थ स्मैक निम्बाहेडा या नीमच से लाकर जयपुर में सप्लाई करना बताया। फिलहाल गिरफ्तार आरोपितों से अवैध मादक पदार्थ स्मैक एवं प्रतिबंधित दवाइयों के सप्लायर एवं खरीदार के नेटवर्क के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

ईनाणी मार्बल्स एण्ड इण्डस्ट्रीज लिमिटेड
CIN : L14101RJ1994PLC008930
पंजीकृत कार्यालय : आराजी नं. 1312, उदयपुर-भीलवाड़ा हाइवे, माताजी की पाण्डोली के पास, चित्तौड़गढ-312001(राज.) E-mail: inanimarble@gmail.com

सूचना

सेबी (लिस्टिंग दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकता) नियमावली 2015 की नियमावली 29 एवं 47 के अनुपालन में एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कंपनी के निदेशक मण्डल की बैठक 20 जनवरी, 2022 गुरूवार को 3.00 p.m. कंपनी के पंजीकृत कार्यालय आराजी नं. 1312, माताजी की पाण्डोली, चित्तौड़गढ़-312001 (राज.) में 31 दिसम्बर, 2021 को समाप्त तिमाही/नौमाही के अन-अंकेक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार एवं अनुमोदन हेतु आयोजित की जाएगी।

निवेशक कम्पनी की वेबसाईट www.inanimarbles.com एवं स्टॉक एक्सेंज की वेबसाईट www.bseindia.com पर मण्डल की बैठक का विवरण देख सकते हैं।

मण्डल के अदेशानुसार
वास्ते- ईनाणी मार्बल्स एण्ड इण्डस्ट्रीज लिमिटेड
Sd/- मधुबाला शर्मा (कम्पनी सचिव)

स्थान-चित्तौड़गढ़
दिनांक- 12.01.2022

